सीआईएमपी-बीआईआईएफ और अन्नपूर्णा फाइनेंस के बीच एमओयू, माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र के कौशल विकास पर जोर

पटना(आससे)। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना (सीआईएमपी) के बिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (सीआईएमपी-बीआईआईएफ) तथा देश की अग्रणी माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं में शामिल अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (एएफपीएल) के बीच माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित कर माइक्रोफाइनेंस पेशेवरों

के ज्ञान, कौशल और कार्यकुशलता को मजबूत बनाना है। समझौते के तहत दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से ऐसे प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करेंगी और संचालित करेंगी, जिनमें माइक्रोफाइनेंस संचालन, नियामकीय अनुपालन, ग्राहक संबंध प्रबंधन तथा वित्तीय समावेशन से जुड़ी सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, समस्या समाधान कौशल और प्रभावी समय प्रबंधन जैसे गुणों का भी विकास किया जाएगा। प्रशिक्षण में केस स्टडी, सिमुलेशन, व्यावहारिक अभ्यास और अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने कहा कि यह साझेदारी ज्ञान, नवाचार और क्षमता निर्माण के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं सीआईएमपी-बीआईआईएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुमोद कुमार ने इसे भविष्य के लिए सक्षम कार्यबल तैयार करने की दिशा में अहम कदम बताया।

अन्नपूर्णा फाइनेंस के रणनीति प्रमुख सुब्रत सब्यसाची रॉय ने कहा कि निरंतर सीखना और कौशल विकास संस्थागत प्रगति तथा ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए आवश्यक है। यह समझौता उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को नई मजबूती प्रदान करेगा।

Aaj ! Page N0-11 ! Date- 31-05-2026

सीआईएमपी-बीआईआईएफ एवं अन्नपूर्णा फाइनेंस ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

पटना (रासासं): सीआईएमपी झ्र बिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन तथा अग्रणी माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं में से एक अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने आज माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से माइक्रोफाइनेंस पेशेवरों के ज्ञान, कौशल एवं दक्षताओं को सशक्त बनाना है। डॉ. राणा सिंह, निदेशक, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना, कुमोद कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (उएड), प्रो. सुनील कुमार, एसोसिएट डीन (अकादमिक), सीआईएमपी और सुब्रत सब्यसाची रॉय, हेड स्ट्रेटेजी, अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने विचार रखे।

Rashtriya Sagar ! Page N0-02 ! Date-31-05-2026

माइक्रोफाइनेंस में कर्मचारियों की बढ़ेगी काबिलियत

पटना। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना, बिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन और अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में पेशेवर प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और कौशल विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों से माइक्रोफाइनेंस पेशेवरों के ज्ञान, कौशल को बढ़ाना है। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह, सीईओ कुमोद कुमार, अन्नपूर्णा फाइनेंस के प्रमुख सुब्रत सब्यसाची रॉय ने प्रसन्नता व्यक्त की।

Hindustan ! Page N0-08 ! Date-31-05-2026